HGH INDIA® 2021
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
Inspiring Business for 10 years
NEWS 3
November 30 - December 3, 2021,
INDIA EXPO CENTRE, GREATER NOIDA, DELHI NCR
A TEXZONE Event
www.hghindia.com
Where business feels at home!

## बसंत/ग्रीष्म 2022
# बिज़नेस के नए मौसम का आरंभ!

अब जबकि होम प्रोडक्ट्स व्यापार 10वीं बार, और खास तौर पर महामारी से प्रभावित व्यापार के दो वर्षों के बाद, नए उत्पादों और नए स्रोतों की तलाश में जुटने के लिए तैयार हो रहे हैं, एचजीएच इंडिया 2021 में शामिल होने वाले कई नए व्यवसायी होम प्रोडक्ट्स की विविधतापूर्ण श्रृंखलाएं पेश करने जा रहे हैं। अनेक सुसंस्थापित एवं अग्रणी ब्रांडों तथा एचजीएच इंडिया की नुमाईश में नियमित रूप से भाग लेने वाले प्रदर्शकों ने अपने वर्तमान व्यवसाय के पूरक के रूप में नई उत्पाद–श्रृंखलाओं को शामिल किया है। वे रीटेलरों, वितरकों, इंटीरियर डिजाइनरों, आर्किटेक्टों, और संस्थात्मक क्रेताओं को आगामी बसंत/ग्रीष्म सीज़न के लिए बिज़नेस के अनूठे एवं उच्च क्षमता–सम्पन्न अवसर और सोर्सिंग के नव–प्रवर्तनशील विकल्प पेश करेंगे।

अब जबकि एचजीएच इंडिया 2021 इंडिया **एक्सपो सेन्टर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर** में अपनी निर्धारित तिथि **30 नवंबर – 3 दिसंबर 2021** के निकट पहुंच रहा है, होम टेक्सटाइल्स, होम डेकॉर, स्मॉल फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स सेग्मेंट के और भी अधिक व्यापारी इस अवसर का प्रत्युत्तर देने लगे हैं। देश में सरकार द्वारा संचालित टीकाकरण अभियान के तहत 112 करोड़ से भी ज्यादा डोज़ दिए जा चुके हैं और इसी के साथ कोविड की तीसरी लहर का डर बहुत हद तक खत्म होता जा रहा है, दीवाली के बाद के समय में कोविड के मामले नियंत्रण में हैं, यात्रा सम्बंधी प्रतिबंध बहुत हद तक हटा लिए गए हैं और व्यापार–उद्योग से जुड़े लोगों में यात्रा सम्बंधी भय पर विजय हासिल कर ली गई है। उचित सावधानियों के साथ, क्रेता और विक्रेता दोनों ही अपने–अपने व्यवसाय में लौटने तथा पूरे भारत में ग्रीष्मकालीन उपभोक्ता मांगों का पूरा फायदा उठाने के लिए उत्सुक हैं। दीवाली सीज़न में हुए अत्यंत सफल विक्रय के बाद, जो कि दीवाली के बाद भी बरकरार है, बिज़नेस का मूड और ज्यादा सकारात्मक हो गया है।

एचजीएच इंडिया ने व्यापक इंतजाम किए हैं और वह सभी एक्ज़ीबिटर्स, विजिटर्स और स्टाफ का स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रकार की सावधानियां बरतेगा। सामाजिक दूरी और सुरक्षित कार्य–प्रविधि (SOPs) सम्बंधी सरकार द्वारा जारी सभी नियमों और दिशानिर्देशों का सख़्ती से पालन किया जाएगा।

इन तमाम बातों के बाद, अब हम विभिन्न सेग्मेंटों की अलग–अलग विस्तृत झलक और एचजीएच इंडिया 2021 के प्रदर्शन में भाग ले रहे प्रमुख एक्ज़ीबिटर्स के बारे में अंतर्दृष्टि प्रस्तुत कर रहे हैं ताकि इससे आपको अपनी विज़िट की योजना बनाने में सहायता मिल सके।



Indo Count

### होम टेक्सटाइल्स...नित्य, नए विकास की ओर!

सम्पूर्ण होम प्रोडक्ट्स सेल्स में करीब 50% हिस्सेदारी के साथ, होम टेक्सटाइल्स भारतीय होम प्रोडक्ट्स मार्केट का सबसे बड़ा और सबसे अच्छी तरह संस्थापित सेग्मेंट है। इसके बाद भी, शहरी और ग्रामीण बाजारों में अभी भी विकास की बहुत बड़ी संभावना बनी हुई है। आगामी 100 स्मार्ट शहरों तथा टियर II और टियर III शहरों में उपभोक्ता और रीटेल बेस को बढ़ाना खास तौर पर एक बहुत बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है। एचजीएच इंडिया 2021 के होम टेक्सटाइल्स सेक्शन में बेड एवं बाथ टेक्सटाइल्स से लेकर, फर्निशिंग फैब्रिक्स, डेकोरेटिव मेड–अप्स, विंडो ड्रेसिंग, धूप से बचाव, मैट्रेसेज एवं स्लीप प्रोडक्ट्स, टेबल एवं किचन लाइनेन, कालीन एवं फ्लोर कवरिंग्स, इत्यादि जैसे व्यापक दायरे का समावेश किया जाएगा। इसके बावजूद, इस श्रेणी के अंतर्गत व्यापारी और उपभोक्ता कुछ ही ब्रांडों से परिचित हैं। एचजीएच इंडिया 2021 में, बहुत सारे नियमित एवं नए प्रदर्शक अपनी नई उत्पाद श्रृंखलाओं की नुमाईश करेंगे ताकि भारतीय बाजार में अपनी कम्पनी की ज्यादा बड़ी प्रासंगिकता जोड़ने के लिए वे होम टेक्सटाइल्स और होम डेकॉर की सम्पूर्ण श्रेणियों में अपने ब्रांड की मौजूदगी के बारे में बता सकें और उसका विस्तार कर सकें।

एचजीएच इंडिया 2021 के होम टेक्सटाइल्स सेक्शन के विजिटर्स एशियन पेंट्स, कर्ल–ऑन, स्लीपवेल, किंग कॉयल, पेप्स, श्रद्धा टेरी और पैन ओवरसीज़ जैसे प्रतिष्ठित नामों से कुछ नए और ताजे बिज़नेस आइडिया और अवसरों की उम्मीद कर सकते हैं। स्प्रिंग/समर सीज़न के लिए नई उभरती 'होम' श्रेणी में, नियमित एक्ज़ीबिटर्स और उनके श्रेणीगत लीडर्स जैसे मैस्पर, बूटिक लिविंग ऐंड लेयर्स (इंडो काउंट), डिसीटेक्स, सैरॉम, जे एंड वाई फैब्रिक्स (इंडियन ड्रेप), न्यू कैसल (दिवा टेक्सटाइल्स) अपने डिजाइनों और कलेक्शंस के साथ मौजूद रहेंगे।

2012 में अपने आरंभ के समय से ही एचजीएच इंडिया के एक नियमित एक्ज़ीबिटर और प्रसिद्ध होम टेक्सटाइल्स ब्रांड–मैस्पर (Maspar)–ने बताया कि एचजीएच इंडिया न केवल उन्हें अपने उत्पादों के विक्रय में सहायता देता है बल्कि पूरे भारत में उनके विक्रय चैनल नेटवर्क को बड़ा बनाने तथा अपने ब्रांड की पहचान को व्यापक बनाने में भी। डेकोरेटिव उत्पादों से लेकर बेड एवं बाथ टेक्सटाइल्स और बाथ मैट्स, ब्लैंकेट्स, किचेन एवं टेबल लाइनेन, गिफ्ट सेट्स, कार्पेट्स, एरिया रग्स (गलीचे), प्रायवेट एवं बिज़नेस गिफ्ट सेट्स तथा अन्य बहुत से उत्पादों सहित, मैस्पर होम टेक्सटाइल्स के विशाल एवं विविधतापूर्ण उत्पादों का निर्माण और वितरण करता है। मैस्पर की शक्ति उनके उत्पादों की रंग योजनाओं में है जो डेकोरेटिव मेड–अप्स, बेड थ्रोज़, फ्लोर मैट इत्यादि की सम्पूर्ण आंतरिक साज–सज्जा के रूप–रंग को सशक्त बनाती हैं। ये रंग–योजनाएं और सभी उत्पादों में उसी तरह की उच्च कोटि की गुणवत्ता विक्रय को प्रभावशाली बनाती है।

### फर्निशिंग फैब्रिक्स

घर को प्रमुखता दिए जाने के नए रुझान और घरों की संख्या में वृद्धि के कारण, डेकोरेटिव फर्निशिंग्स, अपहोल्स्ट्री फैब्रिक्स और कर्टेन्स की मांग प्रतिस्पर्द्धात्मक बाजार में तेजी से बढ़ रही है।

Aartex



एचजीएच इंडिया 2021 इस बार **डीसीटेक्स फर्निशिंग्स, जे ऐंड वाई (इंडियन ड्रेप), सैरॉम, न्यू कैसल, माइक्रोफायबर्स, लक्ज़र** जैसे प्रसिद्ध फर्निशिंग ब्रांडों की ओर से निरंतर नव–कल्पनाशील उत्पादों की चेतना का साक्षी बनेगा।

एक ऐसे सेग्मेंट में जहां व्यवसाय अभी भी टुकड़ों में विभक्त है, वहां ब्रांड–निर्माण और दृढ़ीकरण के लिए अभी भी काफी मौका है। इसलिए, **एशियन पेंट्स** जैसे कई नवागंतुकों तथा मुंबई, दिल्ली, पानीपत, सूरत, अहमदाबाद, जयपुर, बंगलुरु की कई छोटी और मंझोली कम्पनियों के अलावा अनेक सुसंस्थापित इम्पोर्टर्स इस सेग्मेंट में उत्साह और नई सोच–समझ का संचार करेंगे। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि पूरे देश से आने वाले होम टेक्सटाइल्स, होम

डेकॉर और फर्निशिंग क्षेत्र के रीटेलर्स ने हजारों की संख्या में अपना प्री–रजिस्ट्रेशन कराया है और अपने मौजूदा एवं नए सप्लायरों के माध्यम से वे नए उत्पादों एवं बिज़नेस के क्षेत्र में नई सूझ–बूझ को गहराई से समझने के लिए उत्सुक हैं।

फर्निशिंग फैब्रिक्स और होम टेक्सटाइल्स के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड और निर्माता, **डीसीटेक्स** द्वारा उच्च क्वालिटी लग्ज़री फर्निशिंग्स की एक व्यापक श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी जिसमें वेल्वेट्स, सेनील, दमस्क, एम्ब्रॉइडर्ड और शीयर कर्टेन्स, मेड–अप्स तथा अन्य कई उत्पाद शामिल होंगे। इन उत्पाद–समूहों में अनेक संग्रह ऐसे हैं जो कि क्रेताओं को विशिष्ट प्रकार के ग्राहकों और इंटीरियर डिजाइन की दृष्टि से अपने उत्पादों को बारीकी प्रदान करने में सक्षम बनाएंगे।

**जे एंड वाई फैब्रिक्स** के अपने ब्रांड के साथ, **इंडियन ड्रेप** प्रिंटेड फैब्रिक्स, वेल्वेट्स, फ्लैट्स एवं टेक्सचर्ड फैब्रिक्स के क्षेत्र में मार्केट लीडर हैं। उन्हें 'कट लेंथ' सर्विस के साथ गृह–सामग्री (अपहोल्स्ट्री) फैब्रिक्स और कर्टेन्स के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त है, और इस तरह वे अपने ग्राहकों की सेवा के लिए उत्साह का परिचय देते हैं। प्रबंध निदेशक, श्री जयेश दवे, ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एचजीएच इंडिया 2021 उन्हें उत्तर भारत के बाजार, और दीवाली के बाद के इस नए उभरते हुए 'खरीदारी के मौसम', में नवीनतम व्यावसायिक अवसर तलाशने में मदद देगा।

सामग्री और डिजाइन में अपने अनूठेपन के लिए प्रसिद्ध फर्निशिंग ब्रांड, **सैरॉम** घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला का संगम प्रस्तुत करता है और उनके द्वारा ड्रेपरी, अपहोल्स्टरी, चर्म–उत्पादों (लीदरेट) और डेकोरेटिव फैब्रिक्स के क्षेत्र में नई सूझ–बूझ भरे उत्पाद प्रस्तुत किए जाएंगे।

**भिक्षु फैब्रिक्स** आगामी उत्पाद श्रेणी में ब्लैक–आउट, पॉलिएस्टर वेल्वेट्स, शीयर्स और पॉलि–कैनवेस जैसे विभिन्न क्वालिटी के रेडीमेड कर्टेन्स प्रस्तुत करेगा। अपने 'कोर बिज़नेस' के रूप में, भिक्षु द्वारा कर्टेन्स, सोफा, कुशन कवर्स, बेड–कवर्स और डोमेस्टिक मार्केट के लिए तैयार किए गए अन्य टेक्सटाइल्स के लिए उत्कृष्ट किस्म के फर्निशिंग फैब्रिक्स तैयार किए जाते हैं।

इसके अलावा, एचजीएच इंडिया में आने वाले विजिटर्स को **आर्टेक्स, आशादीप, फैब्रिक किंग्स, इंडिगो इंडस्ट्रीज़, लग्ज़र इम्पेक्स, सुजाता** तथा और भी अनेक ब्रांडों की ओर से उत्पाद और डिजाइन के क्षेत्र में कई नई नई चीजें देखने को मिलेंगी।

## बेड एंड बाथ टेक्सटाइल्स

भारत में साल–दर–साल घर–परिवारों की संख्या में वृद्धि के कारण इस क्षेत्र में मांग की वृद्धि भी जारी है, हालांकि यह क्षेत्र भारत के होम टेक्सटाइल मार्केट में सबसे बड़ा और पुराना है। बेड और बाथ टेक्सटाइल के लिए जरूरी है कि वे न केवल व्यावहारिक, स्वास्थ्यप्रद और त्वचा के लिए सुखद हों बल्कि


Indo Count

बेडरूम्स और बाथरूम्स की सुन्दरता भी बढ़ाते हों। एचजीएच इंडिया 2021 इस सेग्मेंट में संस्थापित और नए दोनों ही किस्म के रोचक उत्पाद प्रस्तुत करेगा।

**इंडो काउंट** बेडशीट्स और बेडिंग्स के सबसे बड़े भारतीय निर्यातकों में से एक हैं और भारतीय डोमेस्टिक मार्केट में बेडिंग्स के क्षेत्र में एक अग्रणी एवं समग्र समाधान प्रस्तुत करने वाली कम्पनी। एचजीएच इंडिया 2021 में, उनका ब्रांड–बूटिक लिविंग ऐंड लेयर्स–शयन (स्लीप) की दुनिया में पूरी तरह से सर्वव्यापी अनुभव के सृजन पर केन्द्रित होगा। उनके फैशन बेडिंग संकलन में शामिल हैं मैचिंग एवं पूरक बिछावन, कंफर्टर्स, ड्युवेट कवर्स, रजाइयां, तकिये, शैम्स और स्कर्ट्स। युटिलिटी बेडिंग सेक्शन में शामिल हैं: मैट्रेस पैड्स, डाउन आल्ट कंफर्टर, फिल्ड पिलोज़ और प्रोटेक्टर्स। इंडो काउंट शीर्ष रूप से समेकित है और उत्पादन एवं सेवा–प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का इन–हाउस प्रबंधन करता है। यह पेशकश केवल रिटेल के लिए ही नहीं बल्कि होटलों जैसे संस्थागत ग्राहकों के लिए भी है।

**कृष्णा कोटेक्स** टेक्सटाइल दीसान ग्रुप से सम्बंधित है और उसने अपना बोनहेउर (Bonheur) ब्रांड लॉन्च किया है जो कि भारत एवं अंतर्राष्ट्रीय रूप से उच्च क्वालिटी के टेरी टॉवेल्स प्रस्तुत करता है। एचजीएच इंडिया में प्रदर्शित उनके उत्पादों में शामिल होंगे टेरी टॉवेल्स, बाथ रोब्स और स्लिपर्स, फ्लैट टॉवेल्स, किड टॉवेल्स, फेस टॉवेल्स, गिफ्ट सेट्स, इत्यादि।

कोयंबटूर (भारत) के एक अग्रणी निर्यातक और अपने लक्ज़री टॉवेल ब्रांड, **माइक्रोकॉटन** के लिए विश्वप्रसिद्ध, **श्रद्धा टेरी प्रोडक्ट्स**, पहली बार इस श्रेणी में नव–प्रवर्तनशील समाधानों की अपनी व्यापक श्रृंखला से आपको परिचित कराएंगे, और बेड एंड बाथ सेग्मेंट में रीटेलरों और वितरकों के लिए व्यापार के नए अवसर प्रस्तुत करेंगे।

पानीपत का **पैन ओवरसीज़** उच्च क्वालिटी बाथ मैट्स के निर्यातकों में से एक है, और अब उनके द्वारा अपना **पैनो** ब्रांड लॉन्च किया जा रहा है जिसमें शामिल हैं बाथ मैट्स, बाथ रग्स, बेडिंग्स, रग्स एवं लाइफस्टाइल, और डेकोरेटिव उत्पादों की एक पूरी श्रृंखला। सुंदर डिजाइन से लेकर साज–सज्जा और उत्पादों के व्यावहारिक स्वरूप की दृष्टि से उनके उत्पाद अनूठे हैं।

## मैट्रेसेज़ एवं स्लीप टेक्नोलॉजी

स्वस्थ जीवन, फिटनेस और चुस्ती–फुर्ती बनाए रखने की दृष्टि से, भारतीय उपभोक्ता अब अपनी नींद की गुणवत्ता को लेकर


Kurlon

ज्यादा से ज्यादा जागरूक होते जा रहे हैं। अच्छी नींद के कई घटक तत्व और विभिन्न चरण हैं। नींद की अच्छी गुणवत्ता बहुत हद तक व्यक्ति द्वारा सही किस्म के 'स्लीप प्रोडक्ट्स' के चयन पर भी निर्भर करती है।

टेक्सटाइल के अन्य क्षेत्रों से बिल्कुल अलग, जिनमें साज–सजावट की दृष्टि से डिजाइन पैटर्न और रंगों को महत्वपूर्ण माना जाता है, स्वस्थ नींद के लिए टेक्सटाइल सपोर्ट बहुत हद तक विज्ञान, टेक्नोलॉजी और स्लीप प्रोडक्ट्स की सामग्री पर निर्भर है। साथ ही, वर्तमान दुनिया में 'स्लीप कोचेस', 'स्लीप क्लीनिक्स' और स्टूडियोज़ जैसी नई अवधारणाएं सामने आई हैं जहां नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए उसका विश्लेषण बहुपक्षीय आयामों में किया जा सकता है। इसलिए, स्वस्थ नींद के लिए टेक्नोलॉजी और सामग्री बड़ी तेजी से नव–प्रवर्तन को बढ़ावा दे रही हैं। बेड्स, मैट्रेसेज़ और ऐसे ही अन्य उत्पादों में आकर्षक विशिष्टता लाने के लिए, विकास के इस क्षेत्र को ठीक से समझ लेना निहायत जरूरी है।

**वर्ल्ड ऑफ स्लीप** ब्रांड के अंतर्गत, हॉल नं. 14 में, एचजीएच इंडिया 2021 में एक खास 'स्लीप टेक्नोलॉजी पैवेलियन' होगा जहां रीटेलरों को स्लीप प्रोडक्ट्स की दुनिया में हो रही प्रगतियों को समझने का मौका मिलेगा। **वर्ल्ड ऑफ स्लीप** का आयोजन एचजीएच इंडिया और **आईएसपीएफ** (इंडियन स्लीप प्रोडक्ट्स फेडरेशन) का एक संयुक्त उपक्रम है। स्वस्थ नींद के लिए मूल उत्पाद है बेड सिस्टम और मैट्रेस। स्लीप टेक्नोलॉजी ज़ोन में **कर्ल–ऑन, स्लीपवेल, किंग कॉयल, पेप्स, नीलकमल** जैसे अग्रणी ब्रांड कॉयर, स्प्रिंग, मेमोरी फोम, रबर फोम और थेरैप्युटिक मैट्रेसेज़, पिलोज़ और मैट्रेस प्रोटेक्टर्स इत्यादि क्षेत्रों में अपनी नई सूझ–बूझ और कल्पनाओं का विस्तृत आयाम उजागर करेंगे।

इसके अलावा, इस सेग्मेंट में **फ्रेश–अप, होम स्केप्स, स्पाइनमैट, कॉम्फी** और ऐसे ही अन्य कई उभरते हुए ब्रांड भी व्यापार के लिए विकल्पों और अवसरों के विभिन्न आयाम प्रस्तुत करेंगे।

## हाउसवेयर्स: स्मार्ट और अत्याधुनिक!


Signoraware

भारत में हाउसवेयर मार्केट साल–दर–साल तेजी से बढ़ रहा है, उसमें विविधता आ रही है और वह अद्यतन हो रहा है। इस कारण, किचनवेयर, कुकवेयर, किचन एप्लायसेंज, टेबलवेयर, स्टोरेज, क्लीनिंग, हेल्थ एंड हाइज़िन और सामान्य हाउसवेयर उत्पादों की वेरायटी, क्वालिटी और वॉल्यूम में मांग भी बड़ी तेजी से बढ़ी है। एक ओर जहां खाना बनाने और खाना खाने के तौर–तरीके पारम्परिकता से आधुनिकता की ओर परिवर्तित हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाने का रुझान भी तेजी से बढ़ा है। इसलिए, अब पहले की तुलना में हाउसवेयर की वेरायटी में भी बहुत ज्यादा विकास हुआ है। ज्यादा यांत्रिक किचेन एप्लायंसेज, अत्याधुनिक क्रॉकरी एवं डिनर सेट्स अब मार्केट में नई स्थितियों और व्यापार के नए अवसरों को जन्म दे रहे हैं।

## कुकवेयर

भारतीय कुकिंग अब ज्यादा से ज्यादा शहरी और अंतर्राष्ट्रीय शैली को अपनाने लगी है। स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता, सुविधा और होम फैशन के नए रुझानों से प्रेरित भारतीय उपभोक्ता अपने कुकवेयर की सम्पूर्ण श्रृंखला के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने वाले प्रेशर कुकर, फ्राइंग पैन और ब्रांडेड उत्पादों की तलाश में हैं। इसलिए रीटेल मार्केट को अब स्वयं को नए कुकवेयर प्रोडक्ट्स के अनुरूप ढालने की जरूरत है ताकि वे आधुनिक उपभोक्ताओं और युवा ग्राहकों को आकर्षित कर सकें।


Stahl

स्टेनलेस स्टील के बरतनों, फ्राइंग पैन्स, प्रेशर कुकर्स, नॉन–स्टिक कुकवेयर इत्यादि की व्यापक श्रृंखला के लिए **ऑटोप्रेस इंडिया** अपना अग्रणी ब्रांड **Stahl** पेश करते हैं। **यूनाइटेड एकता, ओके इंडस्ट्रीज़, नोल्टा, सेलो, एडब्ल्यूके,**

**एसएनबी इंटरप्राइज और भनोबा इंटरप्राइज** भी अपने नवीनतम नॉन–स्टिक कुकवेयर और किचनवेयर की नुमाईश करेंगे।

हॉल नं. 10 में, एचजीएच इंडिया द्वारा प्रस्तुत **स्मार्ट कुकिंग** पैवेलियन में, उपभोक्ताओं की नई मांगों को ध्यान में रखते हुए, भारत में कुकवेयर की दुनिया में हो रही प्रगतियों और दिशाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

## टेबलवेयर

सेरैमिक्स, क्रॉकरी, ग्लासवेयर, कटलेरी, सर्ववेयर और बारवेयर



Clay Craft

के क्षेत्र में एचजीएच इंडिया जयपुर, खुर्जा, मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम, कोलकाता तथा पूरे भारत के कई अन्य शहरों और महानगरों से आने वाले एक्ज़ीबिटरों के साथ मिलकर नए उत्पादों, नए डिजाइनों और नई कल्पनाओं की विविधता प्रस्तुत करेगा।

अपने डिनरवेयर और सर्ववेयर के नवीनतम संग्रह के साथ **क्ले क्राफ्ट** नव–कल्पनाशील उत्पाद प्रस्तुत करने जा रहा है। उनका मकसद है भारतीय बाजार में टेबलटॉप सेरैमिक की अत्यंत विस्तृत विविधता पेश करना। कम्पनी का कहना है: "हम अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के साथ अपने नवीनतम सहयोग के बारे में बताने के लिए भी उत्सुक हैं। अन्य नए संग्रहों में अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड 'मिस्टर मेन लिटिल मिस' के सहयोग से प्रस्तुत उत्पाद भी शामिल हैं, जो कि कॉफी मग्स पर रंग–बिरंगे अनूठे चरित्र पेश करते हैं और जिनमें हैप्पीनेस इज तथा इंडिया सर्कस डिजाइनर के मोनोक्रोम कलेक्शन वाले टेबलवेयर भी शामिल हैं।"

**कोरेल** (Corelle) द्वारा प्रख्यात एवं विश्वसनीय ग्लासवेयर और डिशवेयर उत्पाद की व्यापक विविधता की मार्केटिंग की जाती है। कोरेल अपने आप में टेम्पर्ड ग्लास प्रोडक्ट हैं जिनमें तीन लेयर्स में लैमिनेट किए हुए दो प्रकार के ग्लास होते हैं। उनकी डिजाइनों में आधुनिक अमेरिकन और दक्षिण–यूरोपीय अभिरुचि की झलक मिलती है जो कि खास तौर पर गैर–पारम्परिक भारतीय गृहों के लिए बहुत ही आकर्षक हैं।

**रॉक्स** (Roxx) एक अग्रणी ब्रांड है जिसका मुख्यालय कोलकाता में है। उनके द्वारा प्रीमियम और मास मार्केट सेग्मेंट में टेबलवेयर, ग्लासवेयर, स्टोरेज, बॉटल्स, किचनवेयर तथा इसी प्रकार के अन्य उत्पादों का बिल्कुल नया दायरा प्रस्तुत किया जाएगा।

**भारत पॉटरीज़, स्टोन सैफायर इंडिया, हितकारी** तथा **यू.पी. सेरैमिक्स** द्वारा बोन चाइना और मेलैमिन टेबलवेयर, कुकवेयर, डिनरवेयर, स्टोरेज आइटम्स, बॉटल्स और एयर प्रोरिफायर इत्यादि पेश किए जाएंगे।

## स्टोरेज एवं प्लास्टिक्स

एचजीएच इंडिया 2021 में स्टोरेज, प्लास्टिक्स, जनरल हाउसवेयर तथा क्लीनिंग और मेंटिनेंस के तेजी से बढ़ते हाउसवेयर सेग्मेंट में, विजिटर्स अनेक अग्रणी व्यापारिक घरानों की ओर से प्रस्तुत विविध प्रकार के उत्पादों और डिजाइनों की अभिकल्पना की उम्मीद कर सकते हैं।

**सेलो, सिग्नोरावेयर, जेपी** द्वारा किचन, स्टोरेज, बाथरूम, क्लीनिंग एवं सामान्य घरेलू उपयोग के लिए प्लास्टिक हाउसवेयर प्रोडक्ट्स की व्यापक श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी।

## ब्लाइंड्स एवं विंडो डेकॉर

आधुनिक भारतीय घरों के लिए ब्लाइंड्स घर की साज–सजावट और होम डिजाइन के अंतरंग हिस्सा बन गए हैं। एक श्रेणी के रूप में विंडो ब्लाइंड्स अनेक प्रकार के कार्य करते हैं।

मूल रूप से वे: (1) बाहर के लोगों की ताक–झांक से सुरक्षा देते हैं, और (2) तेज रोशनी से बचाव करते हैं। और भी अधिक विशिष्ट रूप से, वे बाहर की धूप और गर्मी तथा सर्दी से रक्षा करते हैं। जरूरत के हिसाब से उन्हें बाहर या भीतर लगाया जा सकता है। उनमें जिन सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाता है वे कई किस्म की होती हैं, जैसे: पेपर, टेक्सटाइल्स, अल्युमिनियम, लकड़ी और स्टील। आम तौर पर उनमें खोलने और बंद करने की तकनीक लगी होती है, जिसे ऑटोमेटेड भी किया जा सकता है। पिछले दो दशकों में, आधुनिक घरों, कार्यालयों, होटलों इत्यादि में पर्दों की जगह ब्लाइंड्स के उपयोग का चलन बड़ी तेजी से बढ़ा है क्योंकि बचाव करने में वे अक्सर ज्यादा प्रभावी हो सकते हैं, ज्यादातर नियंत्रण–प्रणाली से जुड़े होते हैं, और उन्हें आसानी से धोया जा सकता है।

यह मार्केट एक ओर तो ऑटोमेशन और डिजाइन के क्षेत्र में हो रहे नव–प्रवर्तनों से प्रेरित है और दूसरी ओर उस नवरचित कमरे के प्रकार के आधार पर जहां उसे लगाया जा सकता है। पारम्परिक या रोमांटिक डिजाइन स्टाइल की तुलना में ब्लाइंड्स ज्यादा आधुनिक एवं प्रकार्यात्मक डिजाइन स्टाइल में ज्यादा बेहतर रूप से फिट होते हैं। **डेको, विंडो, विएन्टो, कजागे, नोवा, टच ब्लाइंड्स, मार्कोपोलो, मार्शल्स, ऐटको, आर्टेक्स ओवरसीज़** जैसे सुसंस्थापित भारतीय व्यापारिक घराने वर्टिकल ब्लाइंड्स, वेनेशियन ब्लाइंड्स, रॉलर ब्लाइंड्स और रोमन ब्लाइंड्स की सम्पूर्ण श्रृंखला प्रस्तुत करेंगे। साथ ही वे ब्लाइंड्स एवं कर्टेन्स डेकोरेशन एक्सेसरीज, ऑटोमेशन, ड्रेपरी और मैकेनिज्म में अपने नवीनतम रेंज भी प्रदर्शित करेंगे। विजिटर्स इस आधुनिक उत्पाद–समूह में नई टेक्नोलॉजी और नए रुझानों के बारे में जानने–समझने और उनसे लाभ उठाने में सक्षम होंगे।

## वॉलपेपर्स की बढ़ती हुई मांग



Erismann

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अगले कुछ वर्षों में भारतीय वॉलपेपर्स मार्केट में सालाना 30–40% की वृद्धि की उम्मीद है। इस स्वस्थ विकास के प्रेरक तत्व हैं: शहरों की बढ़ती हुई जनसंख्या, बदलती हुई जीवनशैली और बढ़ती हुई आय के साथ बेहतर डिजाइन को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति। वॉलपेपर्स का बाजार लोगों को आकर्षित करने लगा है और विभिन्न विशेषताओं, गुणवत्ता तथा मूल्य की विविधता के साथ इसकी सामग्रियों में भी काफी विविधता का समावेश हुआ है। एचजीएच इंडिया **मार्शल्स वॉलकवरिंग, एशियन पेन्ट्स** और **ऐटको इंटीरियर्स** जैसे मार्केट लीडर्स को पेश करने जा रहा है।

**रॉयल वॉलपेपर** अपना जर्मन ब्रांड **एरिसमैन** पेश करेगा। डेकोरेटिव ग्लास फिल्म्स और वॉल एम्पायर के विशेषज्ञ तथा कस्टमाइज्ड वॉलपेपर में अपनी खास पहचान रखने वाले **ताहेरी डेकॉर** द्वारा भी अपने नव–कल्पनाशील उत्पाद पेश किए जाएंगे। इसके अलावा, कई अन्य वॉलपेपर इंपोर्टर्स और राष्ट्रीय स्तर के वितरक भी अपने अंतर्राष्ट्रीय रेंज के वॉलपेपर्स प्रस्तुत करेंगे।

**मार्शल्स वॉलकवरिंग** भारत में वॉलपेपर्स के सबसे महत्वपूर्ण विशेषज्ञ हैं। एचजीएच इंडिया 2021 में वे पेश करने वाले हैं यूरोपियन डिजाइन पर अपने खास फ़ोकस के साथ डिजाइनों और सामग्रियों की अपनी विविधतापूर्ण श्रृंखला। मार्शल्स यूरोप और यू.एस.ए. की कुछ सर्वोत्तम कम्पनियों से वॉल कवरिंग्स का आयात करते हैं, जैसे: ग्रैंडेको (Grandeco), राश (Rasch), सिरपी (Sirpi), ज़ाम्बैटी (Zambaiti), ओमेक्स्को (Omexco), मर्बुर्ग (Marburg) और कैसाडेको (Casadeco)।



CEPC

## उभरती हुई श्रेणियों के रूप में कार्पेट्स एवं फ्लोर कवरिंग्स

भवनों तथा नए अलंकृत गृहों, ऑफिसों, शॉपों को बेहतर बनाने के रुझान से कालीन (कार्पेट्स) एवं फ्लोर कवरिंग्स उद्योग को अपार लाभ प्राप्त हो रहा है। घरेलू गृह उत्पाद बाजार में वे एक महत्वपूर्ण श्रेणी के रूप में उभर रहे हैं। रग्स (गलीचों) और कार्पेट्स की सबसे महत्वपूर्ण खूबी यह है कि वे केवल साज–सजावट नहीं करते बल्कि कमरे के तापमान को ठंडा रखने और ध्वनि–प्रदूषण को कम करने में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं। भारत में उच्च मूल्यवत्ता–केन्द्रित उपभोक्ताओं के उभार के साथ–साथ इस मार्केट में लक्ज़री से लेकर प्रीमियम, डेकोरेटिव से लेकर फंक्शनल तथा आधुनिक से लेकर पारम्परिक श्रेणियों तक में उच्च कोटि का विकास देखने को मिल रहा है। प्राकृतिक और सिंथेटिक दोनों ही किस्मों के रग्स (गलीचों) और फ्लोर कवरिंग्स की मांग बढ़ रही है।

40% हिस्सेदारी के साथ, भारत की हस्त–रचित कालीन विश्व बाजार में सबसे बड़ा योगदान दे रही है। अक्सर आधुनिक अभिरुचि के अनुरूप कुशलतापूर्ण हस्तशिल्प और पारंपरिक साज–सज्जा के लिए उनकी सराहना की जाती है। हालांकि भारतीय निर्माताओं के लिए निर्यात बहुत ही महत्वपूर्ण है लेकिन उनमें से कई तेजी से विकसित हो रहे घरेलू बाजार पर भी ध्यान दे रहे हैं। एचजीएच इंडिया में हाथ से गंठे हुए, हाथ से गुच्छित और हाथ से बुने हुए गलीचों और कालीनों के अलावा मशीन–निर्मित गलीचों और कालीनों का भी विशाल संग्रह देखने को मिलेगा। अग्रणी नाम जैसे कि **कालीन, विलेज़ वीवर्स, व्हाइट आइज, नारायण कार्पेट्स द्वारा विस्तृत श्रेणी के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।** पिछले वर्षों की तरह, इस बार भी **कार्पेट एक्सपोर्ट प्रोमोशन कौंसिल** (CEPC) द्वारा भदोही, वाराणसी, जयपुर, बीकानेर, आगरा और दिल्ली इत्यादि जैसे हस्तनिर्मित कालीनों के 20 प्रमुख निर्माताओं और निर्यातकों के समूह को एकत्रित किया जाएगा। इसके अलावा **कालीन, रग्स कंसेप्ट, सुपरग्रास** जैसे कई अन्य प्रमुख निर्माता, आयातक एवं निर्यातक भी अपने संग्रह प्रस्तुत करने जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, हैंड–नॉटेड कार्पेट्स के विशेषज्ञ **रग्स ओवरसीज़**, न केवल पारम्परिक डिजाइन प्रदर्शित करेंगे बल्कि अत्याधुनिक डिजाइन संकल्पना से प्रेरित अपना नया रेंज टर्किश कार्पेट, और "ऐब्स्ट्रैक्ट" एवं "मोडर्न आर्ट" नामक अपने संग्रह भी।

मशीन–निर्मित कार्पेट्स के डोमेस्टिक ब्रोडलूम निर्माता के रूप में **कालीन लाइफस्टाइल** का बहुत बड़ा नाम है और भारतीय कालीन उत्पादन उद्योग में वे एक खास मुकाम रखते हैं। अपने उच्च गुणवत्ता वाले हस्त–रचित गलीचों (रग्स) के साथ–साथ वे

और अधिक जानकारी के लिए, हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर जाएं या फोन करें: मुम्बई: टेलि.: +91 (22) 2421 4111, दिल्ली: टेलि.: +91 (11) 2571 4111

# ट्रेंड्स 2021/22 | सोर्सिंग | नया व्यवसाय | अवसर

अपने मशीन–निर्मित कालीन भी प्रस्तुत कर रहे हैं। इस प्रकार वे कार्पेट्स और फ्लोर कवरिंग्स को गुणात्मक जीवनशैली के एक अंग के रूप में पेश कर रहे हैं।

**कॉयर बोर्ड** तथा **नेशनल जूट बोर्ड** ने क्रमशः कॉयर और जूट सेक्टर के निर्माताओं के लिए एक सामूहिक प्रतिभागिता का भी आयोजन किया है जिसमें उनके सदस्यों द्वारा कॉयर डोर–मैट्स, जूट एवं जूट–मिश्रित कार्पेट्स, फ्लोरिंग, शॉपिंग और फैशन बैग्स तथा डेकोरेटिव एक्सेसरीज प्रदर्शित किए जाएंगे।

## होम डेकॉर का विस्तृत होता दायरा

वॉलपेपर और वॉल डेकॉर से लेकर फ्लोर्स, टेबल्स, वॉल एवं सीलिंग के लिए कैंडल स्टैंड्स, डेकोरेटिव कैंडल्स, फ्रेगेन्स, पॉट पॉरी, कृत्रिम फूल एवं घास, मूर्तियों, गुलदस्तों, फोटो फ्रेम्स,







आर्टवर्क, शिल्पकृतियों, भित्तिचित्रों इत्यादि सहित विविध प्रकार के डेकोरेटिव एक्सेसरीज के साथ एचजीएच इंडिया दिल्ली, मुंबई, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, सहारनपुर, लखनऊ, जयपुर, जोधपुर, कश्मीर, राजकोट और हैदराबाद से भारत के अग्रणी हस्तशिल्प केन्द्रों की व्यापक श्रृंखला प्रस्तुत करेगा।

मुरादाबाद की कम्पनी **पैरामाउंट** भारतीय रिटेलरों के लिए भी मेटल, ब्रासवेयर और ग्लासवेयर के अपने डेकोरेटिव एक्सेसरीज कलेक्शन्स की नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय रेंज प्रस्तुत करेगी।

रांची से **वेदास (तशवरी)** हमेशा की तरह एक बार फिर अपने एक्सेंट एवं स्मॉल रेंज फर्नीचर, वॉल डेकॉर और डेकोरेटिव एक्सेसरीज पेश करेंगे।

**ईपीसीएच (एक्सपोर्ट प्रोमोशन कौंसिल फॉर हैंडिक्राफ्ट्स)** ने अपने कई सदस्यों की एक सामूहिक प्रतिभागिता का आयोजन किया है जो कि हस्तशिल्प एवं सजावटी समाधानों की एक विस्तृत रेंज की पेशकश करेंगे।

इसके अलावा, रिटेलरों को सोर्सिंग सुविधा प्रदान करने के लिए, भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के विकास आयुक्त के व्यापक सहयोग से, **यूपीईए, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, एनईसीटीएआर, तथा हैंडलूम एवं हैंडिक्राफ्ट्स निदेशालय, कश्मीर,** की ओर से भारतीय धरोहर कला एवं शिल्प के निगूढ़ खजानों की नुमाईश भी की जाएगी।

एचजीएच इंडिया द्वारा प्रायोजित, हॉल नं. 10 में **'इंडियन हेरिटेज़' (भारतीय धरोहर)** पैवेलियन में भी वूड कार्विंग, मेटल इन्ग्रेविंग, पॉटरी, एम्ब्रॉयडरी इत्यादि क्षेत्रों में विविध प्रकार के डेकोरेटिव एवं हाउसवेयर उत्पादों में प्रयोग के लिए **राष्ट्रीय पुरस्कार–प्राप्त** अनेक प्रकार की समृद्ध भारतीय कला और शिल्प की प्रस्तुति की जाएगी।

## स्मॉल एवं एक्सेंट फर्नीचर

स्मॉल फर्नीचर की यह उभरती हुई श्रेणी एचजीएच इंडिया 2021 में खास रूप से ध्यान आकर्षित करेगी। 'वर्क फ्रॉम ऑफिस एंड होम' का एक हाइब्रिड मोडेल भारत में तेजी से उभरते हुए एक दीर्घकालिक परिदृश्य के रूप में स्वीकृत हो रहा है। शहरों में अतिरिक्त लिविंग स्पेस ज्यादा से ज्यादा महंगा होता जा रहा है। इस तरह घरों के भीतर स्थान बहुत संकुचित होते जा रहे हैं और जरूरी है कि आधुनिक फर्नीचर छोटे और जगह बचाने



वाले हों। दूसरी ओर, कमरे आकर्षक बने रहेंगे और इसी कारण एक्सेंट फर्नीचर ध्यानाकर्षण और पूरे कमरे को आकर्षक इमेज़ प्रदान करने की दृष्टि से लोकप्रिय हो रहे हैं।

इस श्रेणी के व्यापार में पहली बार **एशियन पेंट्स, कर्ल–ऑन, वेदास** जैसे अग्रणी ब्रांड अपने रहस्यों को उजागर करेंगे और रीटेलरों एवं डिस्ट्रिब्यूटरों के मौजूदा व्यवसायों को पूर्णता प्रदान करते हुए व्यवसाय के नए और विविध अवसरों के द्वार खोलेंगे। भारत के **उत्तर–पूर्वी क्षेत्र** के अनेक उच्च–कुशल निर्माताओं द्वारा निर्मित बाम्बू (बांस) और केन फर्नीचर, डेकोरेटिव एक्सेसरीज और हाउसवेयर उत्पादों के लिए **एनईसीटीएआर** सोर्सिंग के नए अवसर उपलब्ध कराएगा।

अनेक देशों में लगे लॉकडाउन और यात्रा सम्बंधी प्रतिबंधों के बावजूद, इटैलियन ट्रेड कमीशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक 'कैटेलॉग शो' के माध्यम से इटली की छः कम्पनियां अपने फर्नीचरों की व्यापक श्रृंखला पेश करेंगी। इसी तरह, मलयेशियन टिम्बर काउंसिल (MTC) भी मलयेशियन फर्नीचर एक्सपर्ट्स के लिए एक 'कैटेलॉग शो' प्रस्तुत करेगी और एचजीएच इंडिया में अपने बूथ के माध्यम से भारतीय आयातकों को सभी वांछित जानकारियां उपलब्ध कराएगी। एचजीएच इंडिया के आगामी संस्करणों में इन सबका और ज्यादा विकास होगा।

## PHOTO SPOT

### आपके उत्पादों के लिए प्रोफेशनल फोटोग्राफी

किसी भी होम प्रोडक्ट के लिए– चाहे वह बेड और बाथ लाइनेन हो, डेकोरेटिव मेड–अप्स, फर्निशिंग फैब्रिक, ब्लाइंड, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, ब्लाइंड्स, वॉलपेपर्स, कार्पेट्स या किचनवेयर, कुकवेयर, किचन एप्लायंसेज, सैरैमिक एवं पॉटरी सम्बंधी उत्पाद अथवा जनरल हाउसवेयर की कोई भी वस्तु–आकर्षक एवं यथार्थवादी फोटोग्राफी उनके सुरुचिपूर्ण प्रेजेंटेशन का अत्यावश्यक पहलू है।

सुंदर एवं स्पष्ट चित्र किसी भी ब्रांड, निर्माता या रीटेलर द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले अच्छे विजुअल प्रेजेंटेशन के लिए बहुत ही जरूरी हैं। वर्तमान समय के प्रतियोगी बाजार में, वे मार्केट में आपके उत्पाद के परिचय की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं।



एचजीएच इंडिया 2021 के प्रदर्शकों और आगंतुकों, खास तौर पर उन लोगों को जो राष्ट्रीय स्तर पर अपने ब्रांड या प्रोडक्ट को लोकप्रिय बनाना चाहते हैं अथवा अपने मार्केट में अग्रणी बनना चाहते हैं, इस बात की झलक दिखाने के लिए कि अच्छी फोटोग्राफी उनके उत्पादों की मार्केटिंग और विजुअल प्रेजेंटेशन में क्या फ़र्क ला सकती है, एचजीएच इंडिया इस साल भी फोटो स्पॉट के अंतर्गत, सुप्रसिद्ध फोटोग्राफर शीराज़ चांद के सहयोग से, अपना अनूठा प्रोजेक्ट जारी रखेगा।

'ट्रेंड्स पैवेलियन' के पास, हॉल नं. 15 में, एचजीएच इंडिया और 'फोटोग्राफिक्स' ने संयुक्त रूप से लिविंग रूम, बेड रूम, किचन एवं बाथरूम जैसी विभिन्न जीवन–शैलियों के साथ एक फोटोग्राफी स्टूडियो स्थापित किया है। 'पहले आओ – पहले पाओ' आधार पर पहले से अपॉइंटमेंट लेकर, विजिटर्स एवं एक्ज़ीबिटर्स अपने उत्पाद इस स्टूडियो में ला सकते हैं और एक प्रोफेशनल तस्वीर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं जिसका उपयोग वे किसी भी प्रोमोशनल या कॉमर्शियल उद्देश्य के लिए कर सकते हैं। इससे उन्हें यह समझने में मदद मिलेगी कि अच्छी फोटोग्राफी उनके विज़ुअल प्रेजेंटेशन और मार्केटिंग के प्रयासो में क्या फ़र्क ला सकती है।

फोटो स्पॉट पर पिछले कई सालों में शीराज़ चांद द्वारा होम प्रोडक्ट्स की प्रोफेशनल फोटोग्राफी का एक डिस्प्ले भी उपलब्ध रहेगा जिसे देखना न केवल एक सुखद अनुभव होगा बल्कि विजिटर्स को विजुअल मर्कैंडाइजिंग और प्रोमोशनल प्रयासों में अच्छी फोटोग्राफी के महत्व को जानने–समझने का भी मौका मिलेगा।

होम इंडस्ट्री के मार्केटिंग प्रयासों में सहायता देने तथा रीटेलर्स एवं छोटे ब्रांडों द्वारा अपने उत्पादों की प्रस्तुति को और ज्यादा प्रोफेशनल स्वरूप देने की दिशा में यह एचजीएच इंडिया द्वारा किया जाने वाला एक और प्रयास है।


**एचजीएच इंडिया वीडियो देखने के लिए QR कोड को स्कैन करें**

**ट्रेड विजिटर्स!**
hghindia.com पर
**20 नवंबर 2021 तक**
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं और प्रवेश शुल्क **रु. 1,000/–* की बचत करें।**

*यदि 20 नवंबर 2021 से पहले आप प्री–रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाते तो भी आप एचजीएच इंडिया 2021 में विजिट कर सकते हैं। इसके लिए आपको स्थल पर स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराना होगा जिसके लिए आपको रु. 1,000/– (जीएसटी सहित) का प्रवेश शुल्क देना होगा।

**सहायता के लिए, कृपया सम्पर्क करें:**
श्री अमर शर्मा: +91 99 676 00286
ईमेल: visitors@hghindia.com
मुम्बई: टेलि.: +91 (22) 2421 4111
दिल्ली: टेलि.: +91 (11) 2571 4111
**www.hghindia.com**

**विजिटर्स रजिस्ट्रेशन: wwww.hghinia.com, मुम्बई: टेलि.: +91 (22) 2421 4111, दिल्ली: टेलि.: +91 (11) 2571 4111 ईमेल: visitors@hghindia.com**